अनुक्रमांक ....................................  समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................  पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2020
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** तृतीयक उपभोक्ता हैं- **(1)**

(A) हरे पौधे (B) चूहा

(C) साँप (D) बाज।

**2.** उपधातु है- **(1)**

(A) लोहा (B) आर्सेनिक

(C) सोना (D) ग्रेफाइट।

**3.** उपार्जित लक्षणों के वंशागति का सिद्धान्त सम्बन्धित है- **(1)**

(A) डार्विन (B) जीन बैपटिस्ट लैमार्क

(C) ह्यूगो डी ब्रीज (D) इनमें से कोई नहीं।

**4.** नोबेल गैस का उदाहरण है- **(1)**

(A) हाइड्रोजन (B) ऑक्सीजन

(C) कार्बन डाइऑक्साइड (D) रेडॉन।

**5.** जनित्र द्वारा ऊर्जा का रूपान्तरण होता है- **(1)**

(A) विद्युत ऊर्जा का यांत्रिक ऊर्जा में (B) विद्युत ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में

(C) यांत्रिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में (D) रासायनिक ऊर्जा का ऊष्मीय ऊर्जा में

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** एड्स किस विषाणु के द्वारा होता है? **(1)**

**7.** प्राथमिक उपचार किसे कहते हैं? **(1)**

**8.** अयस्क से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**9.** रुधिर-कणिकाएँ कितने प्रकार की होती हैं? उनके नाम तथा किसी एक रुधिर कणिका के कार्य लिखिए। **(1)**

**10.** समजात अंग किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। **(1)**

**11.** किसी परिपथ में 5 एम्पियर की धारा एक घण्टे के लिए प्रवाहित की जाती है। आवेश की मात्रा की गणना कीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** वात्या भट्टी का सचित्र वर्णन कीजिए। **(2)**

**13.** डार्विनवाद को समझाइए। **(2)**

**14.** मेण्डलीफ की आवर्त सारणी के लाभ तथा दोष का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**15.** पारिस्थितिकी तन्त्र में खाद्य-जाल को उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**16.** दिए गए चित्र में A और B के बीच तुल्य प्रतिरोध की गणना कीजिए। **(2)**

**17.** WBC एवं प्लेटलेट्स पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **(2)**

**18.** अस्थि भंग क्या होता है? अस्थि भंग के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/vigyan/2020

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN